तुम्ही मेरी मईया शेरावाली माँ भजन लिरिक्स

तुम्ही मेरी मईया,
शेरावाली माँ,
तुम्ही प्रेरणा हो,
तुम्ही प्रेरणा हो,
कुछ तो बता दो,
मेरी माँ भवानी,
छुपी तुम कहाँ हो,
छुपी तुम कहाँ हो।bd।

तर्ज – तुम्ही मेरी मंजिल।

तुम्ही मेरे नैनो की,
ज्योति हो मैया,
तुम्ही मेरी नैया,
तुम्ही हो खिवैया,
मैं काठ की हूँ,
नन्ही सी गुड़िया,
तुम्ही प्राण मेरी,
तुम्ही चेतना हो।bd।

तुम्ही जिंदगी माँ,
तुम्ही दिल की धड़कन,
तुम्ही साज मैया,
तुम्ही सुर का सरगम,
तुम्ही तो बसी हो,
गीतों में मेरे,
संगीत तुम माँ,
तुम्ही वंदना हो।bd।

खिले फूल मन के,
जो तुम मुस्कुरा दो,
आ जाओ मैया,
दर्शन दिखा दो,
बस एक मैया,
तुम भी तो कह दो,

Bhajan Diary,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट कहीं भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम्ही आत्मा हो।bd।

तुम्ही मेरी मईया,
शेरावाली माँ,
तुम्ही प्रेरणा हो,
तुम्ही प्रेरणा हो,
कुछ तो बता दो,
मेरी माँ भवानी,
छुपी तुम कहाँ हो,
छुपी तुम कहाँ हो।bd।

Singer – Kabita Periwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com